3 फरवरी 2026
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण




इंटरमीडिएट परीक्षा की सख्ती परखी : डीएम ने केंद्रों का औचक निरीक्षण, कदाचार पर जीरो टॉलरेंस

2



## एक नजर

### लंदन में एअर इंडिया ड्रीमलाइनर के फ्यूल स्विच में खराबी

**नई दिल्ली।** लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे से बेंगलुरु के लिए उड़ान भरने वाले एअर इंडिया के बोइंग 787-8 ड्रीमलाइन को फ्लाइट ऑपरेशन से हटा दिया गया है। एयरलाइन के मुताबिक, फ्लाइट अक 132 को उड़ान भरनी थी, लेकिन पायलट ने बताया कि प्लेन का फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने के दौरान 2 बार पोजिशन से कटऑफ हुआ। इसके बाद प्लेन को ऑपरेशन से हटा दिया गया। प्लेन में आई खराबी की जांच में ओरिजनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर (OEM यानी बोइंग कंपनी) को शामिल किया गया है। मामले की जानकारी नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को भी दी गई है। एयरलाइन ने बताया कि डीजीसीए के निर्देश के बाद उसने अपने पूरे बोईंग 787 फ्लीट के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच की थी, जिसमें कोई समस्या सामने नहीं आई थी। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि पिछले साल 12 जून को अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश भी फ्यूल कंट्रोल स्विच इंजन स्टार्ट करने में दिक्कत की वजह से हुआ था।

### राजस्थान-एम पी में ओले गिरे, यूपी के 30 जिलों में कोहरा

**जम्मू।** उत्तर भारत का मौसम फिर बदल गया है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कई इलाकों में रविवार शाम से देर रात तक बर्फबारी और बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से 3 फरवरी तक हिमालयी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल, उत्तराखंड में बारिश और बर्फबारी होगी। मैदान राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की संभावना है। सोमवार सुबह 7 बजे तक आगरा, सरसवा, बरेली, हिंडन और बठिंडा में घने कोहरे के कारण विजिबिलिटी जीरो रही। आईएमडी ने यूपी, दिल्ली और आंध्र प्रदेश के समुद्र किनारे बसे जिलों में अगले 3 घंटे घने कोहरे का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। 5 से 7 फरवरी के दौरान तीसरा वेस्टर्न डिस्टरबेंस पश्चिमी हिमालयी राज्यों में फिर से मौसम बदलेगा।

# राहुल गांधी ने संसद में उठाया चीनी घुसपैठ का मुद्दा



- पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का जिक्र
- लद्दाख में डोकलाम और चार टैंकों के साथ चीनी घुसपैठ का जिक्र किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लोकसभा में राहुल गांधी ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान एक अप्रकाशित किताब का हवाला देते हुए लद्दाख में चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाया। इस पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध किया, जिससे सदन दो बार स्थगित हुआ और अंततः मंगलवार सुबह तक के लिए टल गया। लोकसभा में सोमवार को उस वक्त सत्ता पक्ष और विपक्ष में 64 मिनट तक जमकर गहमागहमी हुई। जब लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ एमएम नरवणे की प्रकाशित नहीं हुई किताब का हवाला देते हुए 31, अगस्त 2020 को लद्दाख में डोकलाम और चार टैंकों के साथ चीनी घुसपैठ का जिक्र किया।

### लोकसभा में कितनी देर तक छाया रहा चीनी घुसपैठ का मुद्दा

लोकसभा में सत्ता और विपक्ष के बीच यह गतिरोध सोमवार दोपहर 1:24 बजे राहुल गांधी के चीनी घुसपैठ मामले में बोलने से शुरू हुआ। जैसे ही राहुल गांधी ने पूर्व आर्मी चीफ नरवणे की किताब का हवाला देते हुए डोकलाम का जिक्र किया। वैसे ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उठकर इसका तगड़ा विरोध किया। उन्होंने राहुल गांधी से पूछा कि वह बताएं कि जिस किताब का वह जिक्र कर रहे हैं। वह कहां छपी है। उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री होने के नाते मैं कहना चाहता हूं कि यह किताब कभी प्रकाशित ही नहीं हुई। राहुल गांधी देश को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। बीच-बीच में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी उठकर राहुल गांधी द्वारा इस किताब के माध्यम से चीनी घुसपैठ पर बोलने की कोशिश कर रहे राहुल गांधी का विरोध किया।

### राहुल गांधी ने कहा, मुझे बोलने तो दीजिए

किताब और मैगजीन का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि यह कहते हैं कि अंत तक लड़ते हैं, लेकिन एक कोट से डरते हैं। इसमें ऐसी क्या चीज है, जो इतना घबरा रहे हैं। इसमें क्या लिखा है। उन्हें नियमों का हवाला देकर रोका जा रहा था। राहुल ने कहा कि मुझे बोलने तो दीजिए। उन्होंने कहा कि डोकलाम में क्या हुआ। एक मैगजीन दिखाते हुए कहा कि यह इसमें बताया गया है। राहुल ने कहा कि चीन के टैंक कैलाश रिज पर आ रहे थे। वह बॉर्डर था। चीन के टैंक हमारे बॉर्डर कैलाश रिज पर चढ़ रहे थे।

# व्यक्तिगत शिकायत के आधार पर नहीं रोकी जा सकती पूरी चुनाव प्रक्रिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

किसी एक व्यक्ति की शिकायत के कारण चुनाव की प्रक्रिया को आसानी से न तो रोका जा सकता है और न ही टाला जा सकता है। अगर किसी को चुनाव से जुड़ी कोई व्यक्तिगत शिकायत है, तो उसका अंतिम और एकमात्र उपाय चुनाव याचिका दाखिल करना है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को यह टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने यह फैसला उत्तराखंड हाईकोर्ट के जुलाई 2025 के एक अंतरिम आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनाया। हाईकोर्ट ने उस आदेश में निर्वाचन अधिकारी को एक व्यक्ति को चुनाव चिन्ह देने और जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में भाग लेने की अनुमति देने को कहा था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने याचिका पर सुनवाई की। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनाव लड़ने या चुनाव को चुनौती देने का अधिकार कानून से मिलता है, इसलिए इसका इस्तेमाल उसी कानून के अनुसार सख्ती से किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट को व्यक्तियों के पक्ष में आसानी से अंतरिम राहत नहीं देनी चाहिए और पूरे राज्य में बिना किसी बाधा के चुनाव कराने चाहिए, क्योंकि यह जनता के हित में है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के अंतरिम आदेश को रद्द कर दिया और दोहराया कि किसी एक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर चुनाव प्रक्रिया नहीं रोकी जा सकती।

### कोई भी कुर्सी किसी के लिए परमानेंट नहीं होती, एक दिन आपको जाना ही है

# आपके पास बीजेपी, तो हमारे पास जनता का पावर है: ममता



- असली वोटर का नाम वोटर लिस्ट में शामिल किया जाना चाहिए

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर आरोप लगाया कि उन्होंने उनके नेतृत्व में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया गए एक डेलीगेशन को नीचा दिखाया; उन्होंने कहा कि उन्होंने इतना घमंडी, झूठा सीईसी कभी नहीं देखा। उन्होंने कहा कि सीईसी द्वारा अपमान किए जाने के बाद डेलीगेशन ने बैठक का बॉयकॉट किया। ममता बनर्जी ने विरोध के प्रतीक के रूप में काली शॉल ओढ़े हुए कुछ एसआईआर प्रभावित परिवारों और पार्टी नेताओं के साथ सोमवार को यहां नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात की। ममता बोलीं कि मैंने उनसे कहा कि मैं उनकी कुर्सी की इज्जत करती हूं क्योंकि कोई भी कुर्सी किसी के लिए परमानेंट नहीं होती, एक दिन आपको जाना ही है, यह मिसाल मत बनाइए। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ बंगाल को ही क्यों टारगेट किया जा रहा है। लोकतंत्र में, चुनाव लोकतंत्र का त्योहार है... आपने क्या किया है...आपने 58 लाख लोगों को हटा दिया है. उन्हें अपना बचाव करने की इजाजत नहीं दी गई।

### भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप

चुनाव आयोग पर भाजपा के इशारे पर काम करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि असली वोटर का नाम वोटर लिस्ट में शामिल किया जाना चाहिए। टीएमसी सुप्रीमो ने आगे सवाल करते हुए कहा कि, विधानसभा चुनाव से तीन महीने पहले स्पेशल इंटेंसिव रिविजन करने की क्या जरूरत थी। चुनाव वाले राज्यों को इससे बाहर रखा जाना चाहिए था। बनर्जी चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को रोकने की मांग कर रही हैं।

### बंगाल को टारगेट किया जा रहा

निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर ममता बनर्जी ने कहा कि, निर्वाचन आयोग चुनाव से पहले सरकार चुनेगी। हम देख रहे हैं. ममता ने कहा, आपके पास बीजेपी की पावर है तो उनके पास लोगों का पावर है. उन्होंने आगे कहा कि बंगाल को टारगेट किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि, एसआईआर पूरी तरह से असंसदीय और अलोकतांत्रिक है।

### ममता बनर्जी की दिल्ली पुलिस से बहस

ममता बनर्जी की सोमवार को दिल्ली के चाणक्यपुरी में स्थित बंग भवन के बाहर तैनात सुरक्षाकर्मियों से बहस हुई और उन्होंने अपने राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण से प्रभावित परिवारों के उत्पीड़न का आरोप लगाया. इसके बाद बंग भवन के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई। ममता बनर्जी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के समक्ष अपने मुद्दे उठाने के लिये बंगाल से लोग आए हैं, लेकिन उन्हें धमकाया जा रहा है. उन्होंने बंग भवन परिसर के बाहर बड़ी तादाद में पुलिसकर्मियों की तैनाती पर सवाल उठाये। एक नाटकीय घटनाक्रम में बनर्जी सोमवार सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित बंग भवन पहुंचीं, जहां उनकी भारी सुरक्षा तैनाती को लेकर दिल्ली पुलिस से बहस हुई. उन्हें भवन के बाहर सुरक्षाकर्मियों से सीधे बहस करते हुए देखा गया, जहां उन्होंने कहा कि वह एसआईआर के दौरान पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी में आई हैं, न कि किसी आंदोलन के लिए। सीईसी से मुलाकात से पहले बनर्जी ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बंग भवन में बंगाल के लोगों को धमकियां दी जा रही हैं। हमारा मामला सुप्रीम कोर्ट में है, निर्वाचन आयोग में हमारी एक बैठक है. हम यहां आधिकारिक तौर पर मिलने आए हैं।

# अमेरिका ने भारत पर टैरिफ 25% से घटाकर 18% किया

### 25% एक्स्ट्रा के साथ अब 43% टैरिफ, ट्रम्प बोले- मोदी रूसी तेल खरीदना बंद करेंगे



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका ने भारत पर लगाए गए 25% रेसिप्रोक्ल (जैसे को तैसा) टैरिफ को 7% घटाकर 18% कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया ह्यट्रुथ सोशलह्न पर पोस्ट करके इसके बारे में जानकारी दी। अब भारत कुल 43% टैरिफ लगेगा। इससे पहले भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने ट्वीट करके पीएम मोदी और ट्रम्प के बीच बातचीत होने की जानकारी दी थी। हालांकि अभी तक रूसी तेल खरीदने की वजह से भारत पर लगाए गए एक्स्ट्रा 25% टैरिफ को लेकर जानकारी नहीं दी गई है। अमेरिका ने अगस्त 2025 में भारत पर दो बार टैरिफ लगाया था। पहली बार 1 अगस्त को व्यापार घाटे को लेकर 25% टैरिफ लगाया गया। इसके बाद 27 अगस्त को रूस से तेल खरीदने की वजह से 25% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाया था। इस तरह भारत पर कुल 50% टैरिफ लग रहा था, जो अब घटकर 43% हो गया है। ट्रम्प ने सोशल मीडिया ट्रुथ सोशल पर लिखा- आज सुबह भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करना मेरे लिए सम्मान की बात थी। वह मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं और अपने देश के एक मजबूत और सम्मानित नेता हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति आगे लिखा पीएम मोदी की दोस्ती और सम्मान में और उनके अनुरोध पर, हमने अमेरिका और भारत के बीच तुरंत एक व्यापार समझौते पर सहमति बनाई है। इसके तहत अमेरिका भारत पर लगाया जाने वाला रेसिप्रोकल टैरिफ 25% से घटाकर 18% करेगा।

# सेल्फी लेने के चक्कर में 3 मजदूरों ने गंवाई जान

**एजेंसी। राजकोट**

गुजरात के राजकोट शहर के नजदीक सोमवार शाम को रेलवे पटरी के करीब 'ग्रुप सेल्फी' लेते समय वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से दो प्रवासी मजदूरों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। अजी डैम पुलिस थाना के उप निरीक्षक एआर राठौड़ ने बताया कि यह घटना शाम 4:45 बजे भक्तिनगर और रिबदा स्टेशन के बीच एक रेलवे फाटक के पास उस समय हुई, जब वेरावल-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन वहां से गुजर रही थी। उन्होंने बताया कि उस समय तीनों युवक अपने मोबाइल फोन से सेल्फी लेने के लिए पटरियों के करीब आ गए थे, लेकिन तभी वे तेज गति से आ रही ट्रेन की चपेट में आ गए। अधिकारी के मुताबिक, तीनों पीड़ितों की उम्र 20 से 29 साल के बीच थी। राठौड़ ने बताया, "पटरियों से दूरी का गलत अनुमान लगाने के कारण तीनों ट्रेन की चपेट में आ गए। घटना के बाद ट्रेन कुछ देर के लिए रुकी। उनमें से एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य दो को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। हालांकि, अस्पताल में एक और युवक की मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान संदीप पटेल और संदीप कोली के रूप में हुई है, जबकि घायल की पहचान कपिल पटेल के रूप में हुई है। ये सभी उत्तर प्रदेश के निवासी थे और राजकोट में कारखाने में मजदूर के रूप में काम करते थे।







# आचार्य सम्मेलन में उभरा संस्कारयुक्त शिक्षा का मॉडल, प्रतिस्पर्धाओं से निखरी प्रतिभा

- **सरस्वती विद्या मंदिर में तीन दिवसीय विभागीय सम्मेलन का समापन, शैक्षणिक सत्रों के साथ खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों ने बांधा समां**



**केटी न्यूज/बक्सर**

शहर के अहिरौली स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में आयोजित तीन दिवसीय विभागीय आचार्य सम्मेलन सोमवार को उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हो गया। इस सम्मेलन में भोजपुर और बक्सर जिले के सरस्वती शिशु मंदिर एवं विद्या मंदिरों से आए करीब ढाई सौ से अधिक आचार्यों ने सहभागिता कर शैक्षणिक अनुभवों का आदान-प्रदान किया। समापन समारोह का उद्घाटन बांका विभाग के विभाग निरीक्षक ब्रह्मदेव प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां शिक्षा केवल पुस्तकों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि संस्कार, संस्कृति और जीवन मूल्यों के साथ जुड़कर बालकों के सर्वांगीण विकास का माध्यम बनती है। उन्होंने पंचपदी शिक्षण पद्धति, पंचकोश अवधारणा और पांच केंद्रीय आधारभूत विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि निरंतर सीखने की प्रवृत्ति ही व्यक्ति को जीवन में सफल बनाती है। साथ ही उन्होंने भारतीय दर्शन, संस्कृति और नैतिक मूल्यों से बच्चों को जोड़ने पर विशेष बल दिया। सम्मेलन के दौरान शैक्षणिक सत्रों के साथ-साथ विभिन्न रचनात्मक और शारीरिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसने पूरे वातावरण को जीवंत बना दिया। सामूहिक गीत, सूर्य नमस्कार, समता, सुलेख, जलेबी दौड़ और चम्मच दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सुलेख प्रतियोगिता में मदन कुमार पांडेय (अहिरौली), संजीव कुमार (नया बाजार) और सुप्रिया पाठक (औद्योगिक क्षेत्र) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सूर्य नमस्कार प्रतियोगिता में बालिका वर्ग से रिद्धि कुमारी, प्रीति कुमारी और सुप्रिया कुमारी जबकि बालक वर्ग से अविनाश कुमार, प्रिंस दुबे और सत्येंद्र कुमार ने स्थान प्राप्त किया। सामूहिक गीत व समता प्रतियोगिता में बालिका खंड बक्सर प्रथम, बाली सोनवर्षा द्वितीय और अहिरौली तृतीय स्थान पर रहा।

प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। अनुभव कथन सत्र में माधुरी पाठक, कुणाल कुमार, विनोद सिंह, रूबी कुमारी और कृति कुमारी ने सम्मेलन से मिली सीख साझा की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के कोषाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह ने की, जबकि संचालन जिला निरीक्षक गंगा चौधरी ने किया। अंत में विभाग प्रमुख लालबाबू प्रसाद यादव ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में आचार्य, प्रधानाचार्य और विद्या भारती से जुड़े पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिससे आयोजन पूरी तरह सफल और स्मरणीय बन गया।

## निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक सख्ती और व्यवस्था की तत्परता साफ दिखाई दी

# इंटरमीडिएट परीक्षा की सख्ती परखी : डीएम ने केंद्रों का औचक निरीक्षण, कदाचार पर जीरो टॉलरेंस



**केटी न्यूज/बक्सर**

इंटरमीडिएट वार्षिक (सैद्धांतिक) परीक्षा 2026 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचार-मुक्त वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला दंडाधिकारी साहिला ने सोमवार को जिले के प्रमुख परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक सख्ती और व्यवस्था की तत्परता साफ दिखाई दी। जिला दंडाधिकारी ने एमवी कॉलेज बक्सर तथा एमपी उच्च विद्यालय, रामरेखा घाट बक्सर स्थित परीक्षा केंद्रों का दौरा कर सुरक्षा, अनुशासन और संचालन व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने केंद्रों पर तैनात दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, केंद्राधीक्षक और वीक्षकों से संवाद कर परीक्षा संचालन की वास्तविक स्थिति की समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा अवधि के दौरान सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी भ्रमणशील रहेंगे और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता सर्वोपरि है, इसलिए कदाचार की किसी भी आशंका पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रवेश-निकास व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, वीक्षण कक्षों की सतर्कता तथा परीक्षार्थियों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए।

डीएम साहिला ने यह भी कहा कि परीक्षा केंद्रों पर शांति बनाए रखने के लिए पुलिस बल सतर्क रहे और अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित किया जाए। साथ ही, परीक्षार्थियों के साथ मानवीय व्यवहार रखते हुए नियमों का सख्ती से अनुपालन कराया जाए, ताकि भयमुक्त माहौल में वे परीक्षा दे सकें। प्रशासन की इस सक्रियता से स्पष्ट है कि जिले में परीक्षा को लेकर ह्यजीरो टॉलरेंसह्ण की नीति अपनाई गई है। निरीक्षण से न केवल केंद्रों की तैयारियों की परख हुई, बल्कि यह संदेश भी गया कि निष्पक्ष परीक्षा में बाधा डालने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर है। इससे परीक्षार्थियों और अभिभावकों में भरोसा बढ़ा है कि इंटरमीडिएट परीक्षा पूरी पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न होगी।

## कड़ी निगरानी में डुमरांव में इंटर परीक्षा का सफल आगाज, प्रशासनिक सख्ती बनी पहचान

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट परीक्षा का शुभारंभ प्रशासनिक मुस्तैदी और सख्त निगरानी के बीच पूरी तरह सफल रहा। पहले दिन का माहौल न केवल शांतिपूर्ण रहा, बल्कि परीक्षा संचालन में अनुशासन और पारदर्शिता भी स्पष्ट रूप से देखने को मिली। अनुमंडल क्षेत्र के 10 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा दो पालियों में संपन्न कराई गई, जिसमें हजारों परीक्षार्थियों ने भाग लिया। पहले दिन जीवविज्ञान, दर्शनशास्त्र और अर्थशास्त्र विषयों की परीक्षा हुई। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार प्रथम पाली में 1103 में से 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जबकि द्वितीय पाली में 181 में से केवल एक परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नहीं हो सका। कुल मिलाकर 18 छात्रों की अनुपस्थिति को प्रशासन ने सामान्य और अपेक्षाकृत कम बताया है, जिसे बेहतर तैयारी और जागरूकता का परिणाम माना जा रहा है। परीक्षा की निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल, दंडाधिकारी और केंद्राधीक्षक लगातार मुस्तैद रहे। परीक्षार्थियों को सघन जांच के बाद ही परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स और अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं पर पूरी तरह रोक रही, वहीं सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से हर गतिविधि पर नजर रखी गई। एसडीएम राकेश कुमार ने स्वयं सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रश्नपत्र वितरण, उपस्थिति पंजी, परीक्षा कक्षों की स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया तथा संतोष व्यक्त किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की पवित्रता बनाए रखने के लिए समय पालन अनिवार्य है और विलंब से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रशासन और शिक्षा विभाग का मानना है कि इंटर परीक्षा का यह अनुशासित आगाज आने वाले दिनों के लिए सकारात्मक संकेत है। अधिकारियों ने भरोसा जताया कि आगे भी इसी तरह कड़ी निगरानी और सख्त व्यवस्था के साथ परीक्षा को निष्पक्ष और कदाचार मुक्त ढंग से संपन्न कराया जाएगा।

## एक नजर

### बारूपुर में सुहलदेवझ्रजगदेव जयंती : इतिहास के पुनर्लेखन और सामाजिक अधिकारों की उठी हुंकार



**राजपुर।** प्रखंड के बारूपुर गांव में महाराजा सुहलदेव और बिहार लेनिन शहीद जगदेव प्रसाद की जयंती समारोह सामाजिक चेतना और राजनीतिक विमर्श का मंच बन गया। कार्यक्रम का आयोजन सुभासपा के तत्वावधान में किया गया, जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उदयनारायण राजभर ने की, जबकि संचालन संजय कुशवाहा ने किया। समारोह की शुरूआत महापुरुषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर और नारेबाजी के साथ हुई, जिससे माहौल जोश और प्रतिबद्धता से भर उठा। मुख्य अतिथि के रूप में सुभासपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव अरविंद राजभर के आगमन पर कार्यकताओं ने पुष्प वर्षा और माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में अरविंद राजभर ने इतिहास के एकतरफा लेखन पर सवाल उठाते हुए कहा कि महाराजा सुहलदेव जैसे योद्धाओं को लंबे समय तक इतिहास के पन्नों से जानबूझकर ओझल रखा गया। उन्होंने इसे सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि जब तक समाज अपने नायकों के विचारों को आत्मसात नहीं करेगा, तब तक वास्तविक परिवर्तन संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के संघर्षों के कारण आज महाराजा सुहलदेव की पहचान व्यापक समाज तक पहुंच रही है और आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में भव्य जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें लाखों लोग शामिल होंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार की राजनीति में भी सुभासपा ने नई हलचल पैदा की है और समाज के वंचित तबके अब अपने अधिकारों के लिए मुखर हो रहे हैं। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश सलाहकार दिनेश, रीना पासवान, प्रदेश प्रभारी रामानंद वर्मा, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष अंजली राजभर सहित आमोद यादव, फागु सिंह, जितेंद्र राजभर, हीरालाल राजभर, संतोष राजभर, वशिष्ठ राजभर, श्रीकांत राजभर और नंदू राजभर ने भी अपने विचार रखे। वक्ताओं ने सामाजिक न्याय, इतिहास की पुनर्स्थापना और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया।

### शांतिपूर्ण माहौल में शुरू हुई इंटरमीडिएट परीक्षा, पहले दिन कड़ी निगरानी में हुई परीक्षा

**बक्सर।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निर्देश पर सोमवार से जिले भर में इंटरमीडिएट वार्षिक सैद्धांतिक परीक्षा 2026 का शुभारंभ शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित माहौल में हुआ। परीक्षा के पहले दिन प्रशासन की कड़ी निगरानी, दंडाधिकारियों की तैनाती और केंद्राधीक्षकों की सतर्कता के कारण सभी परीक्षा केंद्रों पर अनुशासित वातावरण देखने को मिला। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त आधिकारिक जानकारी के अनुसार प्रथम पाली में जीव विज्ञान एवं दार्शनिक विषय की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 5349 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 5251 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 98 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। उल्लेखनीय बात यह रही कि प्रथम पाली में किसी भी परीक्षार्थी को निष्कासित नहीं किया गया। वहीं द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा संपन्न हुई। इस पाली में कुल 847 परीक्षार्थी नामांकित थे, जिनमें से 831 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 16 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में भी किसी प्रकार की अनुशासनहीनता की सूचना नहीं मिली और निष्कासित परीक्षार्थियों की संख्या शून्य रही। परीक्षा को निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केंद्रों पर दंडाधिकारी, पुलिस बल एवं उड़नदस्ता की तैनाती की गई थी। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से परीक्षा केंद्रों की सतत निगरानी की जा रही थी। प्रवेश द्वार पर सघन जांच के बाद ही परीक्षार्थियों को केंद्र के अंदर प्रवेश दिया गया। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार बक्सर जिला अंतर्गत सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा पूरी तरह शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कहीं से भी कदाचार, हंगामा या अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली। प्रशासनिक अधिकारियों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी दिनों में भी इसी तरह कड़ी निगरानी के बीच परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। परीक्षा के पहले दिन की सफलता से छात्रों, अभिभावकों और प्रशासन ने राहत की सांस ली

# आपदा से पहले तैयारी : डुमरांव में मॉकड्रिल ने सिखाया भूकंप से बचाव

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते खतरे के बीच डुमरांव अनुमंडल क्षेत्र में सोमवार को भूकंप से निपटने की तैयारी को लेकर व्यापक स्तर पर मॉकड्रिल आयोजित की गई। इस अभ्यास का उद्देश्य केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आम लोगों को आपदा के समय सही और सुरक्षित निर्णय लेने के लिए मानसिक व व्यवहारिक रूप से तैयार करना रहा। अनुमंडल अग्निशमालय पदाधिकारी शिखा कुमारी के नेतृत्व में आयोजित इस मॉकड्रिल में शिक्षा संस्थानों और स्वास्थ्य केंद्रों को विशेष रूप से शामिल किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरांव, मध्य विद्यालय कुलहवा, प्राथमिक विद्यालय महरौरा, मध्य विद्यालय कुशलपुर और सोनवर्षा



के ग्राम वाली में अभ्यास कराकर यह संदेश दिया गया कि आपदा के समय हर वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।

मॉकड्रिल के दौरान छात्रों, शिक्षकों, डॉक्टरों, अस्पताल कर्मियों, मरीजों और स्थानीय नागरिकों ने सक्रिय भागीदारी की। अभ्यास के माध्यम से बताया गया कि भूकंप के दौरान घबराहट सबसे बड़ा खतरा बन सकती है। ऐसी स्थिति में ह्यड्रॉप, कवर और होल्डह्ण की प्रक्रिया अपनाकर जान-माल के नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता है। लोगों को यह भी समझाया गया कि खिड़कियों, भारी अलमारियों और बिजली से जुड़े उपकरणों से दूरी बनाए रखना जरूरी है। अग्निशमन विभाग की ओर से यह जानकारी भी दी गई कि यदि किसी के भवन में फंसे होने की आशंका हो तो स्वयं जोखिम उठाने के बजाय तुरंत प्रशासन और पुलिस को सूचना देनी चाहिए, ताकि प्रशिक्षित टीम राहत कार्य शुरू कर सके। कार्यक्रम का मूल संदेश यही रहा कि आपदा से डरने के बजाय तैयारी और जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। अंत में लोगों से अपील की गई कि वे मॉकड्रिल में सीखी गई जानकारियों को अपने परिवार और पड़ोस तक पहुंचाएं, ताकि संकट की घड़ी में पूरा समाज मिलकर सुरक्षित रह सके।

# संत शिरोमणि रविदास जयंती पर राजपुर प्रखंड में श्रद्धा और सामाजिक समरसता का संदेश

**केटी न्यूज/राजपुर**

राजपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में संत शिरोमणि रविदास की जयंती श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक एकता के माहौल में मनाई गई। इस अवसर पर पूजा-अर्चना, शोभायात्रा, झांकी और विचार गोष्ठियों के माध्यम से संत रविदास के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। तियरा महादलित बस्ती स्थित रविदास मंदिर परिसर में भव्य पूजा के बाद तियरा बाजार से बघेलवा गांव तक शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में गगनभेदी नारों के साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण, युवा और बच्चे शामिल हुए। आयोजन में समाजसेवी भीम राम, अरबिंद राम, प्रमोद राम, परदेशी राम, रमेश राम, अवधेश राम, राजू राम, सनोज राम सहित मुखिया प्रतिनिधि राम अवतार



राम व ललन राम की सक्रिय भूमिका रही। जमौली गांव में संत रविदास पूजा समिति के तत्वावधान में पूजा-अर्चना कर उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया गया। समिति अध्यक्ष धनु कुमार राम के नेतृत्व में संतोष राम, महेंद्र राम, राजेंद्र राम, सुभाष राम, प्रदीप राम समेत कई लोग मौजूद रहे। बसही गांव में घरभरन राम के नेतृत्व में पूजा हुई, जहां अकबरपुर मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह और बसपा नेता लालजी राम ने पुष्प अर्पित कर संत रविदास को नमन किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समाज की बुराइयों के खिलाफ आवाज उठाई और शिक्षा के महत्व पर बल दिया। मंगराव गांव में प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व विचार गोष्ठी आयोजित की गई, जबकि भरखरा गांव में छात्र युवा अंबेडकर क्लब द्वारा पूजा व झांकी निकाली गई। इसके अलावा हंकारपुर, नागपुर, देवढिया, राजपुर सहित अन्य गांवों में भी जयंती धूमधाम से मनाई गई।

# विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर गोकुल जलाशय में गूंजा संरक्षण का संदेश

- **भोजपुर वन प्रमंडल के तत्वावधान में दल्लूपुर घाट पर जागरूकता कार्यक्रम, 131 छात्रों ने पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता में लिया भाग**




**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

विश्व आर्द्रभूमि दिवस के अवसर पर सोमवार को भोजपुर वन प्रमंडल, आरा के तत्वावधान में गोकुल जलाशय के समीप दल्लूपुर घाट पर जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण, जैव विविधता की महत्ता तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न चुनौतियों के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। आयोजन स्थल पर छात्र-छात्राओं, ग्रामीणों, पर्यावरण प्रेमियों और जनप्रतिनिधियों की उल्लेखनीय उपस्थिति ने कार्यक्रम को प्रभावशाली बनाया।

कार्यक्रम के दौरान आर्द्रभूमियों की पारिस्थितिकी भूमिका, भू-जल संरक्षण, प्रवासी पक्षियों के संरक्षण और सतत विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि आर्द्रभूमियां जलवायु संतुलन बनाए रखने के साथ-साथ जैव विविधता का प्रमुख आधार हैं और इनके संरक्षण से प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को भी कम किया जा सकता है।

आयोजन के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों के कुल 131 छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग एवं निबंध प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने रंगों और शब्दों के माध्यम से आर्द्रभूमियों के महत्व, स्वच्छ जल स्रोतों और पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। इससे बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति विशेष उत्साह और जागरूकता देखने को मिली।

कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। आसपास के ग्रामीणों और नागरिकों ने सक्रिय सहयोग प्रदान कर आयोजन को सफल बनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी साहिला एवं भोजपुर वन प्रमंडल, आरा के वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव उपस्थित रहे। उनके साथ वन विभाग के अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ भी शामिल हुईं।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि आर्द्रभूमियाँ प्रकृति की अमूल्य धरोहर हैं। इनके संरक्षण से न केवल पर्यावरण संतुलन बना रहता है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य की नींव भी मजबूत होती है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से आर्द्रभूमि संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की।

वहीं वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रद्युम्न गौरव ने कहा कि आर्द्रभूमियों का संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विद्यार्थियों की भागीदारी से यह संदेश समाज में और अधिक प्रभावी ढंग से पहुंचेगा। उन्होंने बताया कि वन विभाग भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम लगातार आयोजित करता रहेगा।

कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने आर्द्रभूमि संरक्षण, जल स्रोतों को प्रदूषण से मुक्त रखने और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर विकास करने का संकल्प लिया।

Mob: 9122226720
कुमार आर्योपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, ढेलवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरुण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरुवार

# ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल की 15वीं वर्षगांठ पर सांस्कृतिक रंगों में रंगा वार्षिकोत्सव







**केटी न्यूज/नावानगर**

रूपसागर स्थित ज्ञान ज्योति पब्लिक स्कूल का 15वां वार्षिकोत्सव सोमवार को उल्लास, उत्साह और सांस्कृतिक रंगों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर बच्चों की प्रतिभा, अभिभावकों की मौजूदगी और अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति से पूरी तरह जीवंत नजर आया। वार्षिकोत्सव के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नवोदय विद्यालय के प्राचार्य कौशल कुमार, नावानगर थानाध्यक्ष प्रफुल कुमार एवं कुदरा थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के निदेशक दीपक कुमार ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं माला भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यालय के शैक्षणिक स्तर, अनुशासन और बच्चों के सर्वांगीण विकास की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने देशभक्ति और सामाजिक सरोकार से जुड़े गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। जिस देश में गंगा बहती है, कदम ली है हमने, ऐसा अपना है भारत जैसे गीतों पर बच्चों की प्रस्तुति ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। छात्रा खुशी और श्यामा की जोड़ी द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव नृत्य कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। दूसरे एंगल से देखें तो इस वार्षिकोत्सव में बच्चों ने केवल मनोरंजन ही नहीं, बल्कि सामाजिक संदेश भी दिया। मोबाइल बुरी बला, ऑपरेशन सिंदूर और सड़क सुरक्षा पर आधारित यमराज की दरबार जैसी एकांकी नाटिकाओं के माध्यम से छात्रों ने समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। इन प्रस्तुतियों में बच्चों की अदाकारी और संवाद अदायगी काबिले-तारीफ रही। कार्यक्रम के संचालन में कक्षा 9 की छात्रा साक्षी सिंह और साक्षी कुमारी की जोड़ी ने मंच को पूरे दिन जीवंत बनाए रखा। वार्षिकोत्सव के दौरान विद्यालय परिसर अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों से खचाखच भरा रहा। बच्चों की प्रतिभा से प्रभावित होकर उपस्थित लोगों ने विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। मौके पर पूर्व प्रमुख दिलीप यादव, रूपसागर मुखिया बृज कुमार, एजाजुल हक, जिला पार्षद सदस्य राजीव यादव, विद्यालय अध्यक्ष रमेश सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व कर्मचारी मौजूद रहे।

## राजस्व महा अभियान व ई-मापी की प्रगति पर कड़ी नजर, अंतरविभागीय समन्वय पर दिया गया जोर

# राजस्व मामलों में डीएम का सख्त रुख लापरवाही पर वेतन स्थगन और स्पष्टीकरण




**केटी न्यूज/बक्सर**

समाहरणालय परिसर स्थित सभाकक्ष में जिलाधिकारी साहिला की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व महा अभियान, ई-मापी अभियान, भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, न्यायालयीन मामलों और विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनहित और जिले के समग्र विकास से जुड़े कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में बताया गया कि राजस्व महा अभियान एवं ई-मापी अभियान 26 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित किया जा रहा है। इस संबंध में भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर एवं डुमरांव को विस्तृत प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही राजस्व महा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक दो दिनों पर प्रगति प्रतिवेदन अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया, ताकि कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित की जा सके।

जिलाधिकारी ने सभी अंचलाधिकारियों को भूमि उपलब्धता से संबंधित प्रतिवेदन एक सप्ताह के भीतर समर्पित करने का सख्त निर्देश दिया। इसके अलावा भूमि बैंक, आर्द्र भूमि, अतिक्रमण तथा विभिन्न प्रयोजनों से संबंधित भूमि की स्थिति का समेकित प्रतिवेदन भूमि सुधार उप समाहर्ता बक्सर को उपलब्ध कराने को कहा गया।

न्यायालयीन मामलों पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सीडब्ल्यूजेजी एवं एमजेसी मामलों में उच्च न्यायालय में समय पर और नियमानुसार प्रतिशपथ दायर करना सुनिश्चित करें। इस दिशा में लापरवाही को गंभीर कर्तव्यहीनता माना जाएगा।

बैठक के दौरान अंचलों की रैंकिंग, अतिक्रमण, परिमार्जन तथा अंचल स्तर पर लंबित न्यायालयीन मामलों की समीक्षा की गई। राजस्व अधिकारी सिमरी द्वारा लंबित मामलों के समुचित निष्पादन में विफलता को गंभीर मानते हुए उनका वेतन स्थगित करने का निर्देश दिया गया। वहीं, न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों को लेकर कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद बक्सर से स्पष्टीकरण तलब किया गया।

दाखिल-खारिज एवं भूमि विवाद मामलों में भी जिलाधिकारी ने सख्ती दिखाई। उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को दाखिल-खारिज, भूमि विवाद, ई-मापी एवं अन्य मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दाखिल-खारिज में 75 दिनों से अधिक समय से लंबित मामलों को लेकर अंचलाधिकारी इटाढ़ी, चौसा एवं राजपुर से स्पष्टीकरण मांगा गया।

विकास योजनाओं की प्रगति में शिथिलता पर भी कार्रवाई हुई। जियो टैगिंग, आवास प्लस सर्वे आदि कार्यों में रुचि नहीं लेने के कारण प्रखंड विकास पदाधिकारी, नावानगर से स्पष्टीकरण करने का आदेश दिया गया।

बैठक में गोकुल जलाशय से जुड़ा मामला भी उठा। जिलाधिकारी ने बताया कि गोकुल जलाशय के पास आधारभूत संरचना निर्माण के लिए कई रैयतों की जमाबंदी अंचल कार्यालय चक्की में संचालित है। इस पर त्वरित और विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए जमाबंदी रद्द करने हेतु भूमि सुधार उप समाहर्ता, डुमरांव को निर्देश दिया गया।

अंत में जिलाधिकारी साहिला ने स्पष्ट किया कि जिले के समग्र विकास और जनहित से जुड़े कार्यों में अंतरविभागीय समन्वय अत्यंत आवश्यक है। सभी विभाग आपसी सहयोग से कार्य करेंगे और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि परिणामोन्मुखी कार्यशैली ही प्रशासन की प्राथमिकता है, लापरवाही पर सख्त कार्रवाई तय है।

## एक नजर

### डर की जगह मुस्कान, सख़्ती की जगह संवेदना डुमरांव इंटर कॉलेज बना परीक्षा का मॉडल केंद्र

**डुमरांव।** जहां आमतौर पर परीक्षा केंद्रों की पहचान सख़्त निगरानी, तनाव और भय से जुड़ी होती है, वहीं डुमरांव स्थित इंटर कॉलेज ने इस सोच को पूरी तरह उलट दिया। इंटरमीडिएट परीक्षा के पहले दिन कॉलेज ने परीक्षा को बोझ नहीं, बल्कि उत्सव जैसा अनुभव बनाने की अनोखी पहल कर सबका ध्यान खींचा। कॉलेज को मॉडल परीक्षा केंद्र के रूप में सजाया गया और परीक्षार्थियों का स्वागत फूलों और चॉकलेट से किया गया। सुबह जैसे ही छात्र-छात्राएं परीक्षा केंद्र पहुंचे, वहां का दृश्य सामान्य से बिल्कुल अलग था। हाथों में फूलों के बुके, चेहरे पर मुस्कान और ह्लबेस्ट ऑफ लकह्व के शब्द—इस आत्मीय माहौल ने बच्चों के मन से परीक्षा का डर काफी हद तक दूर कर दिया। वीक्षक और शिक्षक केवल निगरानीकर्ता नहीं, बल्कि मनोबल बढ़ाने वाले साथी की भूमिका में नजर आए। प्रवेश करते समय बच्चों के सिर पर फूलों की पंखुड़ियां डालकर उन्हें सकारात्मक ऊर्जा के साथ परीक्षा कक्ष तक भेजा गया। परीक्षा केंद्र अधीक्षक फरहत अफसान ने बताया कि यह पहल बच्चों के मानसिक दबाव को कम करने के उद्देश्य से की गई है। उन्होंने कहा कि अक्सर परीक्षा को लेकर बच्चों में अनावश्यक भय बैठा दिया जाता है, जिससे उनका आत्मविश्वास कमजोर होता है। यदि माहौल सहज और मानवीय हो, तो बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इसी सोच के साथ कॉलेज प्रशासन ने यह अभिनव प्रयोग किया।

इस पहल का असर भी साफ दिखा। कई परीक्षार्थियों ने कहा कि पहली बार उन्हें परीक्षा केंद्र पर घबराहट नहीं हुई। अभिभावकों ने भी कॉलेज की सराहना करते हुए कहा कि यदि हर परीक्षा केंद्र ऐसा हो, तो परीक्षा बच्चों के लिए डर नहीं, चुनौती बन सकती है। डुमरांव इंटर कॉलेज की यह पहल केवल एक स्वागत कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था को मानवीय और संवेदनशील बनाने की दिशा में एक मजबूत संदेश है—कि परीक्षा अनुशासन के साथ-साथ आत्मविश्वास और सकारात्मकता से भी बेहतर बनाई जा सकती है।

### डुमरांव में फाइलेरिया पर निर्णायक वार : 10 से 24 फरवरी तक चलेगा घर-घर दवा वितरण अभियान



**डुमरांव।** डुमरांव प्रखंड को फाइलेरिया जैसी गंभीर और दीर्घकालिक बीमारी से मुक्त कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग ने कमर कस ली है। इसी क्रम में 10 से 24 फरवरी तक विशेष जनजागरूकता सह दवा वितरण अभियान चलाया जाएगा, जिसमें स्वास्थ्यकर्मी घर-घर जाकर लोगों को फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन कराएंगे। प्रशासन का लक्ष्य है कि कोई भी पात्र व्यक्ति दवा से वंचित न रहे और बीमारी की श्रृंखला को पूरी तरह तोड़ा जा सके। अभियान को प्रभावी और व्यवस्थित बनाने के लिए बीडीओ संदीप कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में माइक्रो प्लान को अंतिम रूप देते हुए यह तय किया गया कि किस क्षेत्र में कौन जिम्मेदार होगा और निगरानी कैसे की जाएगी। बीडीओ ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह सिर्फ स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी का अभियान है, जिसमें सभी विभागों और जनप्रतिनिधियों को समन्वय के साथ काम करना होगा। फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में आंगनबाड़ी सेविका, आशा कार्यकर्ता और एएनएम को मुख्य भूमिका दी गई है। ये स्वास्थ्यकर्मी न केवल दवा का वितरण करेंगी, बल्कि लोगों को फाइलेरिया के लक्षण, इसके दुष्परिणाम और समय पर दवा सेवन के लाभ के बारे में भी जागरूक करेंगी। दवा का सेवन लाभार्थियों के सामने ही कराया जाएगा, ताकि किसी तरह की लापरवाही या भ्रांति की गुंजाइश न रहे। बताया गया कि 10 फरवरी को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डुमरांव में विधिवत उद्घाटन के साथ अभियान की शुरूआत होगी। इसके बाद पूरे प्रखंड की पंचायतों और गांवों में एक साथ दवा वितरण किया जाएगा। बीड़ीओ संदीप कुमार पाण्डेय ने आम लोगों से अपील की कि वे अफवाहों से बचें और स्वास्थ्यकर्मियों का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है और यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। पीएचसी प्रभारी डॉ. आर.बी. प्रसाद ने भी बताया कि समय पर रोकथाम नहीं होने पर फाइलेरिया गंभीर विकलांगता का कारण बन सकता है। ऐसे में यह अभियान डुमरांव के लिए स्वस्थ भविष्य की ओर एक मजबूत कदम है।

## विश्व आर्द्र भूमि दिवस पर गोकुल जलाशय पर अनोखी बैठक, गंगा संरक्षण को लेकर बनेगी 6 माह की कार्ययोजना

**केटी न्यूज/बक्सर**

विश्व आर्द्र भूमि दिवस के अवसर पर जिला गंगा समिति की बैठक इस बार अनोखे स्वरूप में आयोजित की गई। जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला गंगा समिति साहिला की अध्यक्षता में यह बैठक ब्रह्मपुर प्रखंड के उधूरा ग्राम स्थित गोकुल जलाशय के तट पर संपन्न हुई। प्राकृतिक परिवेश में आयोजित इस बैठक का उद्देश्य आर्द्रभूमियों के संरक्षण के साथ-साथ गंगा स्वच्छता एवं विकास कार्यों की समीक्षा करना रहा। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बक्सर-भरौली गंगा ब्रिज के लिए 3 लेन अनापत्ति प्रमाण पत्र, आगामी विशेष दिवसों पर स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन तथा स्वयं सहायता समूह, एनसीसी, माई भारत, हिंदुस्तान स्काउट गाइड और एनएसएस की सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को आगामी छह महीनों के लिए स्वच्छता से जुड़ी विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने मोक्ष धाम एवं एसटीपी योजना कार्यों की समीक्षा करते हुए नदी तटों के सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही सघन वृक्षारोपण, गंगा महाआरती, गंगा योग के आयोजन, गंगा ग्रामों में विशेष स्वच्छता एवं विकास कार्यों को प्राथमिकता देने पर बल दिया। गोकुल जलाशय के समग्र विकास, जैव विविधता संरक्षण तथा नगर निकायों में नियमित साफ-सफाई और स्वच्छता कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि गंगा एवं आर्द्रभूमियों का संरक्षण सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें प्रशासन के साथ समाज की सक्रिय भागीदारी जरूरी है।

## केंद्रीय बजट जनविरोधी, आम जनता को निराशा हाथ लगी : डॉ. मनोज पांडे




**केटी न्यूज/बक्सर**

केंद्रीय बजट को लेकर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडे ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। पटना में आयोजित जिला अध्यक्षों की बैठक के बाद उन्होंने बजट को पूरी तरह जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह आम जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता। डॉ. पांडे ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत यह बजट बेरोजगार युवाओं, किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के साथ छलावा है। उन्होंने कहा कि बजट में न तो बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार सृजन की कोई ठोस व्यवस्था की गई है और न ही आम नागरिकों की आय बढ़ाने को लेकर कोई स्पष्ट योजना सामने आई है। देश में लगातार बढ़ रही महंगाई से आम लोग पहले ही परेशान हैं, लेकिन बजट में महंगाई पर नियंत्रण के लिए कोई प्रभावी उपाय नहीं किए गए हैं, जिससे जनता की मुश्किलें और बढ़ने वाली हैं। डॉ. मनोज पांडे ने कहा कि समाज के अंतिम पायदान पर जीवन यापन करने वाले गरीब, दलित, पिछड़े, मजदूर और किसान वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए इस बजट में कुछ भी ठोस नहीं है। सरकार ने चुनाव के दौरान जनता से जो बड़े-बड़े वादे किए थे, उनके अनुरूप बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट अंग्रेजी शासन की तर्ज पर तैयार किया गया है, जिसमें केवल बड़े पूंजीपतियों और उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह बजट केवल लोक-लुभावन घोषणाओं का पुलिंदा है। इसमें न मानवता की चिंता दिखाई देती है और न ही संविधान की मूल भावना का सम्मान। सरकार ने आम जनता की समस्याओं को पूरी तरह नजरअंदाज कर देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है। डॉ. पांडे ने कहा कि यह बजट देश और प्रदेश की जनता के लिए बेहद निराशाजनक है और इससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ और अधिक बढ़ेगा। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी बजट का कड़ा विरोध करती है और जनता की आवाज को सड़क से लेकर सदन तक मजबूती के साथ उठाती रहेगी।

# गुरुदेव की स्मृति में बहे भक्ति के सोपान, विश्वामित्र-दशरथ संवाद सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु



**केटी न्यूज/बक्सर**

श्री हनुमत धाम मंदिर परिसर में आयोजित श्री सद्गुरुदेव पुण्य स्मृति महोत्सव का तीसरा दिन भक्ति, भाव और वैराग्य से सराबोर रहा। अयोध्या से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित विजय नारायण शरण ने प्रभु श्रीराम के बाल्यकाल और ऋषि विश्वामित्र के अयोध्या आगमन के प्रसंग का ऐसा जीवंत वर्णन किया कि पंडाल में मौजूद श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। गुरुदेव मामाजी महाराज की पावन स्मृति में चल रहे इस महोत्सव में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उत्साह देखते ही बन रहा है।

### विश्वामित्र-दशरथ संवाद, त्याग और धर्म का अद्भुत संगम

कथा के तीसरे दिन व्यास पीठ से पंडित विजय नारायण शरण जी ने विश्वामित्र-दशरथ संवाद का अत्यंत मार्मिक और प्रेरक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब यज्ञ की रक्षा और राक्षसों के संहार के लिए ऋषि विश्वामित्र अयोध्या नरेश महाराज दशरथ से उनके ज्येष्ठ पुत्र श्रीराम को मांगने पहुंचे, तो पिता का हृदय दुविधा से भर उठा। एक ओर पुत्र-मोह था तो दूसरी ओर धर्म की पुकार। कथा व्यास ने स्पष्ट किया कि यह संवाद केवल राजा और ऋषि के बीच का वातार्लाप नहीं था, बल्कि यह जीव और ब्रह्म के मिलन की भूमिका थी। उन्होंने कहा कि जब धर्म की रक्षा का प्रश्न हो, तब मोह का त्याग ही सच्चा समर्पण है। महाराज दशरथ द्वारा अपने प्रिय पुत्रों को ऋषि के साथ भेजने का निर्णय सम्पूर्ण मानवता के कल्याण का आधार बना।

### गुरु आज्ञा और आत्मशुद्धि का संदेश

कथा के दौरान पंडित विजय नारायण शरण जी ने पूज्य मामा जी महाराज और श्री महात्मा जी के आध्यात्मिक योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि जैसे श्रीराम ने गुरु की आज्ञा को सर्वोपरि मानकर असुरों का संहार किया, वैसे ही प्रत्येक व्यक्ति को अपने गुरु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर अपने भीतर के विकारों, अहंकार और अज्ञान का नाश करना चाहिए। यही सच्ची साधना और भक्ति है।

### भक्ति, संकीर्तन और उल्लास का अनुपम दृश्य

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः 10 बजे श्री भक्तमाल के सामूहिक सस्वर गायन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने एक स्वर में भक्ति का रस घोला। दोपहर में कथा के दौरान पूरा पंडाल ह्लश्री राम जय रामह्व के संकीर्तन से गूंज उठा। वातावरण भक्तिरस में डूब गया और श्रद्धालु झूमते नजर आए।

### 4 फरवरी को होगा विशाल भंडारा

आयोजन समिति ने जानकारी दी कि यह पुण्य स्मृति महोत्सव 4 फरवरी तक चलेगा। समापन के दिन 4 फरवरी को दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं को सपरिवार प्रसाद ग्रहण करने के लिए आमंत्रित किया गया है।

Mob: 9122226720
कुमार आर्थोपेडिक्स क्लिनिक
सुमित्रा महिला कॉलेज से पूरब, छेठवानी मोड़, डुमराँव
डा. बिरेन्द्र कुमार
आर्थोपेडिक सर्जन
हड्डी, नस, गठिया रोग विशेषज्ञ
डा. एस.के. अम्बष्ठ
M.B.B.S (MKCC, ODISHA)
MD (Derma & Cosmetology),
KMC Manipal (Gold Medalist)
चर्म रोग, कुष्ट रोग, गुप्त रोग, सौंदर्य विशेषज्ञ
प्रत्येक मंगलवार
डा. अरूण कुमार
जेनरल एण्ड लेप्रोस्कोपिक सर्जन
(M.B.B.S, D.NB. (New Delhi)
पेट रोग विशेषज्ञ
प्रत्येक गुरूवार

# सीओ प्रतिनिधिमंडल की मंत्री विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात, आश्वासन के बाद हड़ताल खत्म करने पर बनी सहमति



**एजेंसी। पटना**

बिहार राजस्व सेवा संघ के आह्वान पर बिहार के सभी अंचलों के अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी आज सोमवार, 2 फरवरी 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। पटना के इफ्रअ भवन में आयोजित सभा में बिहार राजस्व सेवा के पदाधिकारी इकट्ठा हुए। आज शाम सीओ के प्रतिनिधिमंडल ने राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और अपनी मांगे रखी। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि उनकी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार किया जाएगा। जिसके बाद पदाधिकारियों ने कहा कि हड़ताल खत्म करेंगे। बिहार के डिप्टी सीएम और राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारा प्रयास है कि उनका जो सही डिमांड है, उस पर गंभीरता पूर्वक विचार करेंगे। जो काम करता है, ईमानदारी से मेहनत करता है, हम वैसे लोगों का सम्मान करते हैं, वैसे लोगों का मनोबल नहीं गिरे यह हमारी जिम्मेवारी भी है। उन्होंने कहा कि समाज में अच्छे लोग भी है, गलत लोग भी है। गलत लोगों की संख्या कम है। हमने सारी विषयों पर चर्चा की है हमने कमिटी बनाने की बात कही है। अब कमिटी ही तय करेगी कि इनके प्रमोशन इनकी सेवा में सारी विषयों पर नियमानुकुल वो देखेंगे और देखकर उसका समाधान करेंगे। तीन स्तरीय कमिटी रहेगी। सेक्रेटरी, अपर सचिव और एक उनके सेवा से रहेंगे और सारी बिन्दुओं की समीक्षा करेंगे। उनका भी दर्द सही प्रतीत लगता है, नियम के अनुसार उसकी भी हम समीक्षा करेंगे। डिप्टी सीएम ने कहा कि हमने उनसे कहा कि बिहार में भूमि विवाद को खत्म करने के लिए सबकी जिम्मेदारी बनती है कि हम मिलकर काम करें। कई लोग कई तरह से बरगलाना चाहेंगे हमलोगों को उसमें नहीं फंसना है। जनता के विश्वास पर खड़ा उतरने का प्रयास करेंगे। इतने वर्षों के बाद सही नियत की सही सरकार समस्या का सही समाधान के लिए संकल्पित है। और डबल इंजन की सरकार सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास सबका प्रयास और सबका सम्मान के साथ आगे बढ़ेगी। इन लोगों की भी नियम के तहत जो अधिकार आता है उसके समाधान के लिए हम लगेंगे। पदाधिकारियों ने कहा है कि हड़ताल खत्म करेंगे। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि अंचलाधिकारी के जमीन लॉ एंड ऑर्डर तनाव सामाजिक प्रेशर रहता है। हमने कहा है कि पूरी सजगता के साथ गंभीरता के साथ हम समाधान करेंगे। बिहार के लोग अनुदान से वंचित है। कई तरह की नई नई समस्याओं के चलते परिमार्जन, दाखिल खारिज, भूमि विवाद, अतिक्रमण सहित कई मामले सामने आ रहे हैं। चमत्कार एक दो दिन में नहीं हो सकता है। चमत्कार से ज्यादा हमलोग काम पर विश्वास करते हैं। सरकार आपके सम्मान में कमी नहीं आने देगी नियम के साथ पूरा काम होगा। हड़ताल की मुख्य वजह बिहार राजस्व सेवा संवर्ग नियमावली 2010 का अनुपालन था। संघ की मांग थी कि राजस्व सेवा के अधिकारियों को डीसीएलआर और भू-अर्जन पदाधिकारी के पदों पर पदस्थापित किया जाए।

# कार्रवाई : इंटर परीक्षा के पहले दिन नकल करते 13 परीक्षार्थी हुए निष्काशित

■ कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन के लिए एक्शन मूड में दिखे डीएम



**केटी न्यूज/नवादा**

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति,पटना द्वारा संचालित इंटरमीडिएट की वार्षिक परीक्षा में परीक्षार्थियों में दिखी खुशी। सोमवार को परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा केएलएस कॉलेज, गंगा रानी कॉलेज एवं कन्हाई इंटर विद्यालय,नवादा स्थित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर विधि-व्यवस्था,स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था,बैठने की समुचित व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश-निकास व्यवस्था सहित कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन हेतु की गई व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के निदेशों के आलोक में सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं कर्मियों को स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त परीक्षा संचालन सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सोमवार को पहली पाली में केएलएस कॉलेज से निष्कासित 5 परीक्षार्थी में छोटू कुमार, अंकुश कुमार, रविंद्र कुमार, योगेश्वर कुमार एवं शुभम कुमार, गंगा रानी कॉलेज से निष्कासित 5 छात्रों में आदित्य राज, निखिल कुमार, नितीश कुमार, अनुज कुमार एवं अभिषेक कुमार तथा कन्हाई इंटर विद्यालय से तीन काजल कुमारी,शिबू कुमारी एवं आरती कुमारी सहित कुल 13 परीक्षार्थी कदाचार में लिप्त पाए गए, जिन्हें परीक्षा से निष्कासित करते हुए नियमानुकूल कार्रवाई की गई है। साथ ही केएलएस कॉलेज के 04, गंगा रानी कॉलेज के 04 एवं कन्हाई इंटर विद्यालय के 02 वीक्षकों द्वारा फ्रिस्किंग में लापरवाही बरतने के आरोप में उनसे स्पष्टीकरण की मांग करने का निर्देश दिया गया है। जिला नियंत्रण कक्ष, नवादा से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी परीक्षा केन्द्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा शांतिपूर्ण, स्वच्छ एवं कदाचार-मुक्त वातावरण में सम्पन्न हुई है। प्रथम पाली में जीव विज्ञान एवं दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि द्वितीय पाली में अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा आयोजित हो रही है। परीक्षा दो पालियों में पूर्वाह्न 9:30 बजे से 12:45 बजे अपराह्न तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 2:00 बजे से 5:15 बजे तक आयोजित की जा रही है।

# खुशी : नए पेश बजट से देश में लोगों को आर्थिक बोझ से मिलेगी राहत : डॉ. मनीष



**केटी न्यूज/रोहतास**

नये सत्र में देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्रीय बजट पेश कर देशवासियों को दी बड़ी राहत। इस बार देश की केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा जारी केंद्रीय बजट 2026-27 को लेकर आम लोगों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली है। इस बजट पर खुशी व्यक्त करते हुए भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन बताया कि यह पेश बजट देश के जनहित में विकसित भारत" की दिशा में एक ऐतिहासिक और संतुलित बजट है। जिस पेश बजट से देश में मध्यम वर्ग के समाज को राहत के साथ आयकर ढांचे में बदलाव और विदेश यात्रा या पढ़ाई के लिए भेजे जाने वाले पैसे पर कर की दरों में कटौती 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत की गई है। जिसे लेकर मध्यम वर्ग अभिभावकों में काफी खुशी जाहिर की है। इस बजट में युवाओं के लिए शिक्षा से रोजगार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने हेतु एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति के गठन का प्रस्ताव दिया गया है,जो युवाओं के लिए नए अवसर खोलेगा। साथ ही बुनियादी ढांचा और कनेक्टिविटी अंतर्गत हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, सेमीकंडक्टर इंफ्रास्ट्रक्चर और जल मार्गों के विस्तार जैसी घोषणाओं ने व्यापारिक वर्ग और आम जनता में भविष्य के प्रति उत्साह जगाया है। दूसरी तरफ देखा जाए तो मानसिक स्वास्थ्य के लिए निमहांस-2 की स्थापना और जिला अस्पतालों में बेहतर ट्रामा सेंटर की सुविधाओं के वादे ने स्वास्थ्य क्षेत्र में नई उम्मीदें को जगा दिया है। जबकि सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट की संभावना वाली घोषणाओं ने गहनों के शौकीनों और निवेशकों में उत्साह जागृत कर दिया है।

# छिनतई कांड मामले में षड्यंत्र रचने वाला आरोपी वादी गिरफ्तार

■ एसडीपीओ ने प्रेसवार्ता कर किया उद्भेदन



**केटी न्यूज/रोहतास**

स्थानीय थाना में सोमवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिंधु शेखर सिंह ने प्रेस वार्ता की। प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ ने बताया कि 28 जनवरी को वादी कुश कुमार उम्र 33 वर्ष, पिता स्व. रामनाथ पासवान, ग्राम बकसंडा, थाना तरारी जिला भोजपुर के लिखित आवेदन के आधार पर तीन अज्ञात बाइक सवार अपराध कर्मी के विरुद्ध वादी का 3 लाख 11 हजार 451 रुपए सील बंद अवस्था में पीठू बैग सहित छिनतई करने के आरोप में बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 69/26 के आलोक में धारा 304 (2) बीएनएस अंकित कराया गया था। उन्होंने बताया कि इस कांड में गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रोहतास द्वारा मेरे निर्देशन में कांड के उद्भेदन के छिनतई की गई रेलवे की रुपया को बरामदगी हेतु अनुमंडल स्तर पर एक टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा लगातार कार्रवाई करते हुए आए साक्ष्यों के आधार पर वादी से पूछताछ में कुछ स्थानीय रेल कर्मी का नाम बताया गया तथा उसके बयान के सत्यापन बाद वादी द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए स्वीकारोक्ति बयान दिया गया। उन्होंने बताया कि स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर वादी कुश कुमार के निशानदेही पर कांड में रेलवे का करीब दो लाख 66 हजार 750 रुपये कुश कुमार के घर बकसंडा से पीठू बैग सहित बिक्रमगंज रेलवे स्टेशन का कैश के विवरणी के कागजात के साथ बरामद किया गया तथा अभियुक्त वादी कुश कुमार को गिरफ्तार किया गया।

## एक नजर

### डीएम और एसपी ने ईवीएम सहित वीवीपैट वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**सासाराम।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के द्वारा किया गया। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस भण्डारित ईवीएम तथा वीवीपैट के संबंध में जानकारी प्राप्त की गयी और वेयरहाउस में लगाये गये सीसीटीवी एवं अग्निशमन-यंत्रों के बारे में उप निर्वाचन पदाधिकारी से उनकी सक्रियता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की गयी। साथ ही उन्हें निदेशित किया गया कि सीसीटीवी के रिर्काडिंग तथा अग्निशमन यंत्रो को एक्सपायर होने से पहले रिफिल करा लिया जाय।पुलिस अधीक्षक द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस में प्रतिनियुक्त सुरक्षा गार्डो की उपस्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी।

### पत्नी को पीटने वाले आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र के बरडीहां गांव में पत्नी पर घरेलू हिंसा का मामला सामने आया है। काराकाट पुलिस ने आरोपी पति कौशल दुबे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि रविवार को संजना देवी ने अपने पति कौशल दुबे (पिताः भगवान दुबे) के खिलाफ मारपीट का आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।शिकायत मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड संख्या 43/26 दर्ज किया। सोमवार को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। संजना देवी ने बताया कि पति ने लंबे समय से उसे पीट-पीटकर प्रताड़ित किया जा रहा था, जिससे तंग आकर उन्होंने पुलिस का सहारा लिया।थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि किसी भी प्रकार के अपराध की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### अवैध भवन निर्माण रोकने के लिए लोगों ने उठाई आवाज

**कोचस।** कोचस नगर पंचायत में अवैध भवन निर्माण के खिलाफ एक प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ और नगर पंचायत कार्यालय में आवेदन देकर तत्काल रोक लगाने की मांग उठाई है।प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि नगर पंचायत में प्रशासनिक भवन के निर्माण के लिए अनाबाद सर्व साधारण भूमि को अवैध रूप से उपलब्ध कराया जा रहा है, जो कि नियमों का उल्लंघन है। कोचस अंचल अधिकारी के पत्रांक 987 के अनुसार, उक्त भूमि अनाबाद सर्व साधारण की है और नगर पंचायत की आम सभा से अनापत्ति प्राप्त किए बिना इसका उपयोग नहीं किया जा सकता है।प्रतिनिधिमंडल ने सीईओ और नगर पंचायत से मांग की कि उक्त अवैध निर्माण कार्य को तत्काल प्रभाव से रोके जाने की कृपा की जाए। प्रतिनिधिमंडल ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।वही पूर्व जिला परिषद मुन्ना पासवान ने कहा कि आम सभा से अनापत्ति प्राप्त किए बिना निर्माण कार्य करना नियमों का उल्लंघन है और इससे जनता के अधिकारों का हनन होता है।

### रोहतास में इंटरमीडिएट कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर प्रशासन सख्त

**सासाराम।** इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2026 के सफल,स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह द्वारा परीक्षा ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने के आरोप में एक पदाधिकारी से माँगा गया स्पष्टीकरण। जो 2 से 13 फरवरी तक आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के लिए गठित दल-सह-प्रश्न पत्र वितरण सह उत्तर पुस्तिका संग्रह दल में विनय कुमार बैठा,प्रखंड परियोजना प्रबंधक, बीपीआईयू कोचस की प्रतिनियुक्ति की गयी थी। लेकिन 02 फरवरी को वे अपने प्रतिनियुक्त स्थल पर ससमय उपस्थित नहीं हो सके। इस संदर्भ में उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उनका मोबाइल नंबर बंद पाया गया। जिला पदाधिकारी ने इसे परीक्षा के सफल संचालन को प्रभावित करने वाला कृत्य मानते हुए गंभीरता से लिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि संबंधित पदाधिकारी 24 घंटे के भीतर अपने वरीय पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को लिखित स्पष्टीकरण समर्पित करें,अन्यथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 की कंडिका 9 के अंतर्गत अनुशासनिक कार्रवाई की जायेगी।स्पष्टीकरण स्वीकार होने तक 02 फरवरी को अनुपस्थित मानते हुए एक दिन का उनका वेतन स्थगित कर दिया गया है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट तौर पर कहा है कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी और दोषियों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

### पुलिस ने सख्त कार्रवाई कर शराब तस्कर को शराब साथ किया गिरफ्तार

**काराकाट।** काराकाट थाना क्षेत्र में पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ कड़ा प्रहार करते हुए एक धंधेबाज को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रविवार संध्या को करूप गांव में छापेमारी की गई। इस दौरान तीन पेटी 180 एमएल की 8 पीएम ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 25 लीटर थी।आरोपी अशोक राम पुत्र परमा राम, ग्राम करूप निवासी है। बरामद शराब विदेशी श्रेणी की बताई जा रही है। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यह शराब धंधा पूरी तरह प्रतिबंधित है। काराकाट थाने में कांड संख्या 44/26 दर्ज कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। इसके बाद आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।विवेक कुमार ने कहा कि शराब तस्करों और उपभोक्ताओं पर पुलिस की कड़ी नजर बनी हुई है। ऐसी किसी भी प्रतिक्रिया को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रोहतास जिले में शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने के लिए पुलिस लगातार सक्रिय है।

# बिजली विभाग में ईज ऑफ लिविंग के तहत जनता दरबार का आयोजन



**केटी न्यूज/रोहतास**

सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय सबका सम्मान-जीवन आसान (ईज ऑफ लिविंग) की नीति के तहत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल सासाराम अंतर्गत अवस्थित सभी विद्युत कार्यालयों में उपभोक्ताओं की शिकायत के निष्पादन को लेकर जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपभोक्ता द्वारा अपने गलत बिजली बिल, नए कनेक्शन लेने की प्रक्रिया की जानकारी एवं अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गयी है। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता सासाराम ई. ब्रवीम ने बताया कि उपभोक्ताओं की शिकायत के त्वरित निष्पादन को लेकर शीर्ष कंपनी द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में सोमवार को दोपहर 12:30 से 02:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति अंचल कार्यालय, प्रमंडल कार्यालय व सभी अवर प्रमंडल तथा प्रशाखा कार्यालय में उपभोक्ताओं की शिकायतें सुनी गयी। कुछ उपभोक्ताओं का ऑनस्पॉट समाधान कर दिया गया। जिनके आवेदन का ऑनस्पॉट समाधान संभव नही थे उनका आवेदन ले लिया गया है। बता दें की प्राप्त शिकायतों के लिए पंजी का संधारण किया गया है तथा उनके सतत अनुश्रवण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की गयी है। उपभोक्ताओं को सहूलियत देने को लेकर बिजली कंपनी ने अपने सभी पदाधिकारियों को सोमवार एवं शुक्रवार को जनता की शिकायत सुनने एवं उसका निवारण करने हेतु विशेष शिविर आयोजित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस जनसुनवाई व्यवस्था के तहत प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा व प्राप्त शिकायतों के निष्पादन को लेकर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। जिससे उपभोक्ताओं को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भटकना न पड़े। बता दें की विद्युत कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था, पेयजल, शौचालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गयी थी।

# परीक्षा ड्यूटी से गायब रहें प्रखंड परियोजना प्रबंधक, स्पष्टीकरण

**केटी न्यूज/रोहतास**

इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा दो हजार 26 के सफल व स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त संचालन को लेकर जिला प्रशासन सख्त है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, रोहतास द्वारा परीक्षा ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में एक कोचस प्रखंड में पदस्थापित पदाधिकारी से स्पष्टीकरण की मांग की है। ज्ञात हो कि 2 से 13 फरवरी दोहजर 26 तक आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के लिए गठित दल-सह-प्रश्न पत्र वितरण-सह-उत्तर पुस्तिका संग्रह दल मे कोचस प्रखंड मे पदस्थापित प्रखंड परियोजना पदाधिकारी विनय कुमार बैठा की प्रतिनियुक्ति की गई थी। जहां दो फरवरी दो हजार 26 को वे अपने प्रतिनियुक्त स्थल से गायब मिले। इस संबंध में वरीय अधिकारियों के द्वारा उनके मोबाइल नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन मोबाइल नंबर बंद पाया गया। जिला पदाधिकारी ने इसे परीक्षा के सफल संचालन को प्रभावित करने वाला कृत्य मानते हुए गंभीरता से लिया है और जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया है कि संबंधित पदाधिकारी 24 घंटे के भीतर अपने वरीय पदाधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को लिखित स्पष्टीकरण समर्पित करें। अन्यथा बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम के तहत अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। वही उक्त तिथि को अनुपस्थित मानते हुए गायब पाए गए पदाधिकारी का एक दिन का वेतन स्थगित किया गया है।जिला पदाधिकारी ने यह भी कहा कि परीक्षा कार्य में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता या अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषि पाए जाने वाले के ऊपर अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# पटना से उड़ेगा इंटरनेशनल फ्लाइट, एयरपोर्ट पर लगेगा रडार

**एजेंसी। पटना**

पटना के जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमानों के संचालन को और सुरक्षित व आधुनिक बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। लंबे समय से जमीन की कमी के कारण अटका रडार इंस्टॉलेशन प्रोजेक्ट अब रफ्तार पकड़ने जा रहा है। जिला प्रशासन ने एयरपोर्ट प्रशासन को रडार स्थापना के लिए दो अलग-अलग स्थानों पर एक-एक एकड़ जमीन चिह्नित कर दी है, जिससे पटना एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेशन की राह लगभग साफ हो गई है। जिला प्रशासन की ओर से जिन दो भूखंडों की पहचान की गई है, उनमें एक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की जमीन शामिल है। इस जमीन को जल्द ही औपचारिक प्रक्रिया पूरी कर




एयरपोर्ट प्रशासन को हस्तांतरित किया जाएगा। इसके अलावा बिहार राज्य औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण की एक एकड़ जमीन भी एयरपोर्ट को दी जाएगी। यह जमीन बिहार राज्य पथ विकास निगम के कार्यालय के पीछे स्थित है, जहां पहले मॉल निर्माण की योजना प्रस्तावित थी। हालांकि सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए एयरपोर्ट प्रशासन ने इस पर आपत्ति जताई थी, जिसके बाद इस जमीन को रडार प्रोजेक्ट के लिए उपयुक्त माना गया। गौरतलब है कि फिलहाल पटना एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन विजुअल और नेविगेशन सिस्टम के सहारे किया जा रहा है। यहां से प्रतिदिन लगभग 45 जोड़ी विमानों की आवाजाही होती है। हाल के वर्षों में करीब 1200 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक नया टर्मिनल भवन बनकर तैयार हो चुका है, लेकिन रडार की अनुपस्थिति के कारण उड़ानों की संख्या और समय-सारिणी सीमित बनी हुई है। खासकर खराब मौसम, कोहरे और कम दृश्यता के दौरान विमानों के संचालन में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। एयरपोर्ट अधिकारियों के अनुसार, रडार लगने के बाद एक ही रनवे पर अधिक विमानों की सुरक्षित लैंडिंग और टेकऑफ संभव हो सकेगी। रडार से एयर ट्रैफिक कंट्रोल को रियल टाइम डेटा मिलेगा, जिससे विमान की सटीक लोकेशन, गति और आपसी दूरी पर लगातार नजर रखी जा सकेगी। इससे न केवल सुरक्षा स्तर बढ़ेगा, बल्कि उड़ानों में देरी और रद्द होने की समस्या में भी कमी आएगी। अधिकारियों का कहना है कि रडार स्थापित होने के बाद पटना एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का संचालन सुचारु रूप से किया जा सकेगा। अभी तक तकनीकी सीमाओं के कारण इंटरनेशनल फ्लाइट ऑपरेशन को लेकर कई अड़चनें थीं, जिन्हें रडार के जरिए काफी हद तक दूर किया जा सकेगा। एयरपोर्ट प्रशासन के मुताबिक, जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया पूरी होते ही केंद्र सरकार को औपचारिक प्रस्ताव भेजा जाएगा। कागजी कार्रवाई, तकनीकी मंजूरी और इंस्टॉलेशन को मिलाकर रडार लगाने में करीब छह महीने का समय लग सकता है। बिहार के अन्य हवाई अड्डों की बात करें तो दरभंगा और पूर्णिया एयरपोर्ट पर एयरफोर्स बेस के तहत रडार की सुविधा पहले से मौजूद है, जबकि गया एयरपोर्ट पर अब तक रडार नहीं लगाया गया है। ऐसे में पटना एयरपोर्ट पर रडार की स्थापना राज्य की हवाई कनेक्टिविटी को नई ऊंचाई देने वाला कदम माना जा रहा है।

## एक नजर

### बिहार में इंटर परीक्षा में लेट पहुंचे परीक्षार्थियों को प्रवेश से रोका, फूट-फूटकर रोईं छात्राएं

**दरभंगा ।** दरभंगा में इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान लेट से पहुंचने वाले परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलने पर छात्रों एवं उनके परिजनों ने जमकर हंगामा किया। जिले के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर लगभग 100 छात्र-छात्राएं परीक्षा से वंचित रह गए। लहेरियासराय स्थित रोज पब्लिक स्कूल एवं सुंदरपुर बेला हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पर प्रवेश नहीं मिलने से नाराज परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का कहना है कि आज दरभंगा में मौसम खराब रहने के कारण वे कुछ मिनट देरी से परीक्षा केंद्र पहुंचे, लेकिन इसके बावजूद उन्हें अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। परीक्षार्थी लगातार गेट खोलने की गुहार लगाते रहे लेकिन परीक्षा केंद्र प्रशासन ने नियमों का हवाला देते हुए प्रवेश से इनकार कर दिया। निराश छात्रों ने जबरदस्ती अंदर घुसने का प्रयास भी किया, लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली और अंततः वे आज की परीक्षा से वंचित रह गए। कुशेश्वरस्थान से सुंदरपुर हाई स्कूल परीक्षा केंद्र पहुंचे छात्र राम कुमार ने बताया कि मौसम खराब होने के कारण वह मात्र 10 मिनट देर से पहुंचे थे, लेकिन फिर भी उन्हें प्रवेश नहीं दिया गया। वहीं जाले से आए परीक्षार्थी राहुल कुमार ने कहा कि वह केवल 5 मिनट लेट हुए थे, बावजूद इसके उन्हें परीक्षा देने से रोक दिया गया। बता दें कि जिले में इंटर परीक्षा के लिए कुल 69 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 48,994 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। इनमें 25,986 छात्राएं एवं 23,007 छात्र शामिल हैं। परीक्षा के सफल एवं कदाचार-मुक्त संचालन को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा आयोजित की जा रही है।

### बिहार में एक और निमार्णाधीन पुल गिरा : पांच लोग मलबे में दबे, दो घायलों की हालत गंभीर

**अरवल।** अरवल के कुर्था प्रखंड अंतर्गत मानिकपुर थाना क्षेत्र के राजेपुर गांव में एक बड़ा हादसा हो गया। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा निमार्णाधीन पुल अचानक गिर जाने से मौके पर मौजूद पांच ग्रामीण मलबे में दबकर घायल हो गए। इस दुर्घटना में दो घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जमा हो गए। जानकारी के मुताबिक, राजेपुर गांव में पुराने पुल को तोड़कर नए पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। पुराने पुल को ध्वस्त करने का कार्य किया जा रहा था। इसी दौरान कुछ ग्रामीण निर्माण कार्य देखने के लिए पुल के पास खड़े थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पुल को तोड़ने की प्रक्रिया के दौरान अचानक उसका एक बड़ा हिस्सा भरभराकर नीचे गिर पड़ा। देखते ही देखते पुल का मलबा नीचे आ गिरा, जिसकी चपेट में आकर पांच ग्रामीण नीचे गिर गए और मलबे में दब गए। हादसे में घायल ग्रामीणों की पहचान लाल पंडित, रामप्रीत यादव, जैन अंसारी सहित दो अन्य लोगों के रूप में की गई है। घटना के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए मलबे में दबे सभी घायलों को बाहर निकाला और आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुर्था पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लाल पंडित और रामप्रीत यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, अरवल रेफर कर दिया। अन्य तीन घायलों का इलाज कुर्था सीएचसी में चल रहा है और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण स्थल पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए गए थे। न तो निर्माण क्षेत्र में बेरिकेटिंग की गई थी और न ही किसी प्रकार का चेतावनी बोर्ड या डायवर्सन की व्यवस्था की गई थी। यदि सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता और आम लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती, तो इस हादसे को टाला जा सकता था। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों और ठेकेदार की लापरवाही को हादसे के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल गांव में स्थिति सामान्य है, लेकिन निर्माण कार्य में बरती गई।

# 2030 तक एक करोड़ युवाओं को नौकरी देगी नीतीश सरकार, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का दावा



**एजेंसी। पटना**

बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने सोमवार को कहा कि नीतीश कुमार सरकार अगले पांच वर्षों में राज्य में एक करोड़ नौकरियों और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएगी। उन्होंने ये बात राज्य विधानसभा व विधान परिषद के समक्ष मासिक बजट सत्र के उद्घाटन सत्र में कही।राज्यपाल ने कहा कि सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और सामाजिक सद्भाव (कम्युनल हार्मनी) शामिल है। सरकार 'न्याय के साथ विकास' के लक्ष्य की दिशा में लगातार काम कर रही है। राज्यपाल ने बताया कि सरकार ने अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। उनका कहना था, '2030 तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा। यह बात महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि 'एक करोड़ रोजगार' का वादा 2025 के विधानसभा चुनावों में शासित एनडीए ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था। इस वादे के साथ ही भाजपा नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार भारी बहुमत के साथ सत्ता में बनी है।

### अब तक 50 लाख युवाओं को मिला अवसर

राज्यपाल ने बताया कि सरकार ने अब तक 50 लाख युवाओं को नौकरी और रोजगार के अवसर प्रदान किए हैं। उनका कहना था, '2030 तक एक करोड़ युवाओं को रोजगार मिलेगा।' यह बात महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि 'एक करोड़ रोजगार' का वादा 2025 के विधानसभा चुनावों में शासित एनडीए ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था। इस वादे के साथ ही भाजपा नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार भारी बहुमत के साथ सत्ता में बनी है।

### मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का भी किया जिक्र

उन्होंने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का भी जिक्र किया, जो विधानसभा चुनावों से पहले शुरू की गई थी। इसके तहत महिलाओं को नया व्यवसाय शुरू करने के लिए 10,000 रुपये की प्रारंभिक सहायता दी गई। राज्यपाल ने कहा, 'जो महिलाएं इस राशि का बेहतर उपयोग कर पाएंगी, उन्हें दो लाख रुपये तक की मदद दी जाएगी। इसके अलावा राज्यपाल ने यह भी बताया कि वर्षों में बिहार में किसानों की आय में वृद्धि हुई है और शिक्षा तथा स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्यभर में स्कूल, कॉलेज और अस्पताल स्थापित किए जा रहे हैं, ताकि शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूती मिले।

राज्यपाल ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना एवं सामाजिक सौहार्द भी सरकार की शीर्ष प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाकर 1.21 लाख कर दी गई है, और अब 10,380 पुलिस स्टेशन राज्य में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बिहार में महिला पुलिसकर्मियों का प्रतिशत देश में सबसे अधिक है। राज्यपाल ने यह भी बताया कि 'न्याय के साथ विकास' के लक्ष्यों के अनुरूप सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में 1.40 करोड़ महिलाएं, 'जीविका' स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं।

## डॉ. प्रेम कुमार ने अमर शहीद जगदेव बाबू की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने आज अपने कार्यालय कक्ष में अमर शहीद जगदेव बाबू की जयंती के अवसर पर उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि अमर शहीद जगदेव बाबू सामाजिक न्याय, समता और शोषित-वंचित समाज के अधिकारों के लिए आजीवन संघर्ष करने वाले महान विचारक एवं क्रांतिकारी नेता थे। उन्होंने अन्याय, असमानता और सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध निर्भीक होकर आवाज उठाई और अपने विचारों व सिद्धांतों के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि जगदेव बाबू का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि लोकतंत्र की सच्ची मजबूती तभी संभव है, जब समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक न्याय और



अवसर पहुँचे। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और नई पीढ़ी को उनके संघर्ष, साहस और सामाजिक प्रतिबद्धता से सीख लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अमर शहीद जगदेव बाबू का बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनका जीवन समाज में समानता, भाईचारे एवं न्याय की स्थापना के लिए प्रेरणास्त्रोत बना रहेगा।

## बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता पर आज फैसला संभव, पटना में अहम बैठक

**एजेंसी। पटना**

बिहार विधानसभा का सत्र शुरू हो चुका है, लेकिन कांग्रेस अब तक विधायक दल के नेता के नाम का ऐलान नहीं कर पाई है। इसी को लेकर आज पटना के एक होटल में कांग्रेस की अहम बैठक चल रही है।इस बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावरू समेत कांग्रेस के सभी 6 विधायक मौजूद हैं। विधायक दल के नेता को लेकर आज अंतिम फैसला लिए जाने की संभावना है। आपसी सहमति नहीं बन पाने के कारण अब तक यह मामला अटका हुआ था, लेकिन पार्टी नेतृत्व जल्द ही इस पर मुहर लगा सकता है। विधानसभा चुनाव के नतीजे आए दो महीने से अधिक समय बीत चुका है, बावजूद इसके कांग्रेस प्रदेश में विधायक दल का नेता नहीं चुन सकी है। इस दौरान विधानसभा का एक सत्र भी बीत चुका है और आज से बजट सत्र की शुरूआत हो गई है। इससे पहले 23 जनवरी को दिल्ली में बिहार कांग्रेस की एक बड़ी बैठक हुई थी, जहां आलाकमान की मौजूदगी में विधायक दल के नेता के नाम पर सहमति बनाने की कोशिश की गई, लेकिन तब भी बात नहीं बन पाई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, आज की बैठक में इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। वहीं, बीते दिनों प्रदेश नेतृत्व द्वारा बुलाई गई बैठकों में कुछ विधायकों की गैरमौजूदगी के बाद पार्टी में टूट की अटकलें भी तेज हो गई थीं। मनरेगा आंदोलन को लेकर बुलाई गई बैठक में चनपटिया के विधायक अभिषेक रंजन और वाल्मीकिनगर के विधायक सुरेंद्र प्रसाद शामिल नहीं हुए थे। इसके अलावा, सोमवार को प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू की बैठक में मनिहारी के विधायक मनोहर प्रसाद सिंह भी मौजूद नहीं थे, जिसके बाद सियासी हलकों में चचाएं शुरू हो गई थीं।

## रेलवे कर्मचारियों का 36 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन मांगें नहीं मानने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी




**एजेंसी। पटना**

अखिल भारतीय रेलवे मेंस फेडरेशन के आह्वान पर सोमवार को देशभर में रेलवे कर्मचारियों ने शाखा स्तर पर प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन की पटना शाखा ने पटना जंक्शन परिसर में अपनी 36 सूत्री मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में रेल कर्मचारियों ने एकजुट होकर नारेबाजी की और केंद्र सरकार का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया। यूनियन के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एसएसडी मिश्रा ने कहा कि रेलवे कर्मचारी कई वर्षों से लंबित मांगों को लेकर सरकार से आग्रह कर रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि रेल कर्मचारी रेल परिचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, फिर भी उनकी समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। मिश्रा ने केंद्र सरकार से अपील की कि कर्मचारियों की मांगों पर जल्द विचार कर समाधान निकाला जाए। प्रदर्शन का नेतृत्व शाखा सचिव विजय कुमार ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन अध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह ने की। वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में एपी सिंह, संजीव सुमन, सूरज कुमार, अनुपम, हरे कृष्णा, कमलेश ओझा, मीडिया प्रभारी एके शर्मा, रवि रंजन, मुकेश राम सहित बड़ी संख्या में रेल कर्मचारी और यूनियन कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

- रेलवे कर्मचारियों के आश्रितों को समुचित चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना
- महिला रेलवे कर्मचारियों को विशेष सुविधाएं देना
- ट्रैकमैन और मेंटेनर्स के लिए निर्धारित किलोमीटर सीमा तय करना
- रेलवे क्वार्टरों में समय-समय पर मरम्मत कार्य कराना
- सभी श्रेणियों में रिक्त पदों पर नियमित कर्मचारियों की शीघ्र भर्ती

# पटना जंक्शन और राजेंद्र नगर के बाद अब राजधानी में होगा अब एक नया रेलवे स्टेशन



**एजेंसी। पटना**

बिहार में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा देने के लिए बजट में बड़े पैमाने पर धनराशि आवंटित की गई है। केंद्रीय बजट में लगभग 500 करोड़ रुपये का प्रावधान हार्डिंग पार्क में बन रहे नए रेल टर्मिनल के लिए किया गया है। इससे टर्मिनल के निर्माण में तेजी आएगी और यात्री सुविधाओं में सुधार होगा। इसके साथ ही 17,000 करोड़ रुपये से पंडित दीनदयाल उपाध्याय से झाझा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण भी मंजूर किया गया है। इस परियोजना का निर्माण चरणवार तरीके से किया जाएगा, और इसे पूरा करने के लिए बजट में प्रावधान सुनिश्चित किया गया है। बिहार के महत्वपूर्ण रेल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट्स में बिहटा से औरंगाबाद तक नई रेल लाइन का निर्माण भी शामिल है। इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा झ्र पहले बिहटा से अनुग्रह नारायण तक, और फिर अनुग्रह नारायण से औरंगाबाद तक। हालांकि प्रत्येक परियोजना के लिए आवंटित राशि की आधिकारिक जानकारी रेलवे की पिंक बुक जारी होने के बाद ही सामने आएगी। इसके अलावा राज्य के अन्य हिस्सों में भी नई रेल लाइनों का निर्माण प्रक्रिया में है। हाल ही में सीतामढ़ी से जयनगर और निर्मली-भाया-सुरसंड तक 188 किलोमीटर तथा ललित ग्राम से वीरपुर तक 22 किलोमीटर लंबी नई रेल लाइन के निर्माण की प्रक्रिया शुरू हुई है। नवादा और नालंदा के विकास को गति देने के लिए नवादा-पावापुरी नई रेल लाइन का निर्माण भी प्रस्तावित है। 25.10 किलोमीटर लंबी इस लाइन के लिए 492.14 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस लाइन के बन जाने से नवादा से पावापुरी तक सीधी रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी, जो प्रमुख जैन तीर्थस्थल पावापुरी के लिए महत्वपूर्ण है। रेलवे विकास के तहत स्टेशनों के आधुनिकीकरण और पुनर्विकास का काम भी तेजी से चल रहा है। अमृत भारत योजना के तहत गया, बेगूसराय, बरौनी, दरभंगा, मधुबनी समेत कई स्टेशनों के निर्माण और पुनर्निर्माण के लिए बजट में राशि आवंटित की गई है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से न केवल यात्री सुविधाओं में सुधार होगा, बल्कि राज्य की आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। बजट में किए गए इन प्रावधानों से बिहार में रेलवे नेटवर्क का विस्तार होगा और राज्य की प्रमुख शहरों और तीर्थस्थलों के बीच सीधी और तेज रेल कनेक्टिविटी सुनिश्चित होगी। नई लाइनों और टर्मिनलों के निर्माण से यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और माल परिवहन में भी तेजी आएगी। रेलवे विकास की इन योजनाओं से बिहार के विभिन्न हिस्सों का समग्र आर्थिक और सामाजिक विकास तेजी से होगा।

## छपरा में फर्जी आईएस बनकर डीएम से मिलने पहुंचा युवक गिरफ्तार, एफआईआर दर्ज

**एजेंसी। पटना**

सारण के समाहरणालय में एक युवक ने खुद को आईएस अधिकारी बताकर जिलाधिकारी से मिलने का प्रयास किया, लेकिन उसकी पहचान होने पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। युवक ने खुद को रीतेश कुमार, पिता कृष्णा पंडित, ग्राम बसाढ़ी, थाना छपरा मुफस्सिल बताया और दावा किया कि वह वर्तमान में मेरठ में आईएएस के पद पर कार्यरत है। उसे जिलाधिकारी से मिलने के लिए कार्यालय में भेजा गया, लेकिन जब जिलाधिकारी ने पहचान पत्र की मांग की तो युवक असमर्थ पाया गया। पूछताछ में युवक ने स्वीकार किया कि वह किसी भी सरकारी पद पर नहीं है। उसका यह दावा और आईएएस होने का दिखावा, लोगों से काम कराने और इसके एवज में मोटी रकम वसूलने के उद्देश्य से किया जाता था। जिलाधिकारी के निर्देश पर टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई और युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सारण समाहरणालय में एक व्यक्ति खुद को आईएएस बता वहां प्रतिनियुक्त आदेशपाल से कहा कि मैं रीतेश कुमार, पिता कृष्णा पंडित, ग्राम -बसाढ़ी, थाना-छपरा मुफ्फसिल का रहने वाला हूं। वह वर्तमान में मेरठ में आईएएस के पद पर तैनात है। उसने आदेशपाल से कहा मुझे जिलाधिकारी से मिलना है। उसे जिलाधिकारी से मिलने के लिए कार्यालय प्रकोष्ठ के अंदर भेजा गया। जिलाधिकारी द्वारा जब उससे पहचान पत्र की मांग की गयी तो उसके द्वारा अनभिज्ञता जाहिर की गयी। जिसके बाद पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह आईएएस या अन्य कोई सरकारी पद पर पदस्थापित नहीं है।